राज्य शूटिंग अकादमी परिसर में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अत्याधुनिक इंडोर शूटिंग रेंज

चर्चा में क्यों?

1 फरवरी, 2022 को मध्य प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने बताया कि राज्य शूटिंग अकादमी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अत्याधुनिक इंडोर फाइनल शूटिंग रेंज का निर्माण किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश ने शूटिंग वर्ल्ड कप की मेजबानी का प्रस्ताव भेजा है। इस रेंज के बन जाने पर मध्य प्रदेश में वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा सकेगा।
- खेल मंत्री ने कहा कि शूटिंग के लिये पूरे प्रदेश में दोबारा टैलेंट सर्च किया जाएगा। सिर्फ भोपाल, इंदौर के बच्चों को ही नहीं, सुदूर इलाकों से भी नई प्रतिभाओं को खोजा और तैयार किया जाएगा।
- उन्होंने प्रशिक्षकों को प्रत्येक खिलाड़ी के खेल के सकारात्मक और कमजोर पक्ष की लगातार मॉनीटरिंग करने तथा प्रशासनिक और व्यवस्थाओं में कमी होने पर खेल संचालक को अवगत कराने का निर्देश दिया।
- खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की सलालम विधा की समीक्षा के दौरान कहा कि ओलंपिक की तर्ज पर भोपाल में ऑर्टफिशियिल सलालम कोर्स विकसित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-of-the-art-indoor-shooting-range-of-international-standard-will-be-built-in-the-state-shooting-academy-campus